**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांकः 13 / 10 / 2022

प्रकाशनार्थ

## सभी शिक्षकों को प्रत्येक दिन टाइम टेबल के अनुसार ई–कंटेंट अपलोड करना जरूरी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह की अध्यक्षता में शिक्षकों द्वारा ई–कंटेंट अपलोड करने सम्बंधित आवश्यक बैठक हुई।

कुलपति ने कहा कि सभी शिक्षकों को प्रत्येक दिन लेक्चर के बाद ई–कंटेंट उत्तर प्रदेश शिक्षा डिजिटल लाईब्रेरी पर अपलोड करना अनिवार्य है। शिक्षक को लेक्चर का वीडियो, पीपीटी तथा पीडीएफ प्रत्येक दिन टाइम टेबल के अनुसार अपलोड करना होगा। यह सूचना पहले से ही सभी विभागों एवं शिक्षकों को दी जा चुकी है। लेकिन ऐसा पाया गया है कि ई–कंटेंट अपलोड नहीं किया जा रहा है।

प्रत्येक दिन उत्तर प्रदेश शिक्षा डिजिटल लाईब्रेरी पर ई–कंटेंट अपलोड करना सुनिश्चित करने के लिए गठित समिति का पुनर्गठन किया गया है। प्रो विनय सिंह को समिति का समन्वयक बनाया गया है। प्रो दिनेश यादव समिति के मॉडरेटर नियुक्त किये गए हैं। आई सी टी सेल के समन्वयक प्रो राजर्षि गौड़, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो रूसीराम महानंदा तथा प्राणी विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो वीना बत्रा कुशवाहा को सदस्य बनाया गया है।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur